सचिवालय के बाहर हरीश रावत समेत कई दिग्गज धरने पर बैठे।



## संक्षिप्त समाचार

### सहकारिता विभाग में भर्ती घोटाले के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। सहकारिता विभाग में हुई भर्ती घोटाले को लेकर कांग्रेस ने सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल समेत तमाम कांग्रेसी दिग्गजों धरने पर बैठे। हरीश रावत ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार चेहतों को भर्ती करा रही है। कांग्रेस नेताओं ने सहकारिता विभाग में भर्ती की सीबीआई जांच की मांग की है। इस मौके पर गरिमा दसोनी, देवेंद्र सिंह, संदीप चमोली, विकास नेगी, अजय सिंह, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम की बजट बैठक का भाजपा के पार्षदों ने किया बहिष्कार

**संवाददाता** ऋषिकेश। नगर निगम बोर्ड की बजट बैठक में भाजपा के ही पार्षदों ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर हंगामा किया। पार्षद बहिष्कार कर बैठक से चले गए। आरोप लगाया कि एक साल से आम बैठक नहीं बुलाई गई। विकास के मुद्दों पर चर्चा नहीं हो रही। ऋषिकेश नगर निगम में सोमवार को बजट बैठक बुलाई गई। बोर्ड बैठक शुरू होते ही पार्षदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, भाजपा के पार्षद शिव कुमार गौतम ने बैठक में अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज होकर बोर्ड बैठक का बहिष्कार कर दिया।

### नौकरशाही को लेकर हरीश रावत ने दी सीएम को सलाह

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत (हरदा) ने कहा कि प्रदेश में नौकरशाही को मार्गदर्शन की जरूरत है। मुख्यमंत्री हो या मंत्री उन्हें एक बात समझनी पड़ेगी कि नौकरशाही से संवाद समाचार पत्रों के जरिये नहीं होता। यदि आपको संवाद करना है तो आपको फाइल में, मंत्रिमंडल के निर्णयों में, जहां आप निर्माण कार्य कर रहे हैं या कोई निर्णय कर रहे हैं, उस स्थल पर जाकर नेतृत्व देना पड़ता है।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने उत्तर भारत में अपनी पहुंच का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। स्कोडा ऑटो इंडिया ने उत्तर भारत के बाजार में अपनी मौजूदगी का लगातार विस्तार कर अपने विकास की कहानी को आगे बढ़ाया है। इसके नतीजे के तौर पर उत्तर भारत में कस्टमर टचपॉइंट्स की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। 2019 में उत्तर भारत में कस्टमर टचपॉइंट्स की संख्या 25 थी, जो 2021 में बढ़कर 51 तक पहुंच गई। इसके अलावा स्कोडा ऑटो इंडिया ने शहरी सेंटर्स में अपने आधार का काफी ठोस तरीके से विस्तार करते हुए 127 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की।

# प्रदेश के विकास के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे

**अधिवेशन**

■ सीएम ने किया उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के एकादश अधिवेशन में प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को दून विश्व विद्यालय रोड स्थित निरंजन फार्म में उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के एकादश अधिवेशन में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन में मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह कार्य के प्रति सभी लोगों को प्रेरणा देगा और नई ऊर्जा का संचार करेगा। डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने विभिन्न बिन्दुओं की जो मांग रखी है, उन मांगों का समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन से वार्ता कर डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारी सभी समस्याओं से अवगत करायें, जिन समस्याओं का जल्द निराकरण हो सकता है, किया जायेगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य की मांग के लिए राज्य आन्दोलनकारियों द्वारा बहुत संघर्ष किया गया। राज्य आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के विकास के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। उत्तराखण्ड एक युवा राज्य है। वर्ष 2025 में जब हम उत्तराखण्ड राज्य की रजत जयंती मनायेंगे, उस समय उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में होगा। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की हमारे समक्ष चुनौती है। इसके लिए सरकार द्वारा हर प्रयास किये जा रहे हैं। जन सहयोग एवं जन भागीदारी से उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में सभी वर्गों के लोगों ने जन सेवा के लिए अपने आप को झौंकने का सराहनीय कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते उनका प्रयास है कि कर्मचारियों की हर समस्याओं का समाधान हो। प्रदेश की वित्तीय स्थिति एवं संसाधन किस दिशा में जा रहे हैं, इसका उत्तर हमें सबको मिलकर खोजना होगा। प्रदेश के समग्र विकास के लिए सभी वर्गों का विकास जरूरी है। सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों तक सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की विकास यात्रा सबकी सामूहिक यात्रा है। उत्तराखण्ड के विकास के लिए सबको पूर्ण मनोयोग, ऊर्जा, लगन व निष्ठा से कार्य करना होगा।

विधायक विनोद चमोली ने कहा कि उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स की प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तराखण्ड युवा राज्य है, इस राज्य के तीव्र विकास के लिए आपकी भूमिका और अधिक बढ़ जाती है। सरकार नीतियां बना सकती है, प्रदेश को उन्नति के पथ पर लाने के लिए जन सहयोग बहुत जरूरी है। हम सबको अपनी



जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा।

अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप राज्य में विश्वकर्मा की भूमिका में हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन प्रदेश है। उत्तराखण्ड में इन्फ्रास्टक्चर के विकास के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। अपने फायदे के लिए सतत् प्रयास सबका अधिकार है, लेकिन राज्यहित हमारे लिए पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें राज्य की चुनौतियों पर चर्चा करनी होगी। प्रदेश एवं समाज की सरकार से काफी अपेक्षाएं होती हैं।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष इं. हरीश चन्द्र नौटियाल, संरक्षक श्री यू. एस. महर, महासचिव श्री अजय बेलवाल एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# जांच में दोषी पाया गया तो दे दूंगा इस्तीफा, मेरे पास है विकल्प

**आहत**

■ कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह का बड़ा बयान, गुटबाजी के आरोप से आहत

**संवाददाता**

देहरादून। स्वयं पर लग रहे गुटबाजी के आरोप से आहत कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यदि विधानसभा में पार्टी गुटबाजी के कारण हारी है तो केंद्रीय नेतृत्व जांच कराए। उन्होंने कहा कि जांच में अगर दोषी पाया जाता हूं तो मुझे विधायक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बतौर प्रीतम मेरे पास विकल्प है। चकराता की जनता ने मुझे चुनकर भेजा है। मैं उनके विधायक के रूप में काम कर रहा हूं।

बता दें, सोमवार को कांग्रेस के कद्दावर नेता व विधायक प्रीतम ने यह बयान दिया। इससे पहले वह रविवार देर सीएम पुष्कर सिंह धामी से मिले थे। राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोग कभी अपनों से तो कभी विरोधियों से मिलते ही रहते हैं। लेकिन कुछ मुलाकातों की टाइमिंग ऐसी होती है जिससे फिजा में तरह–तरह सवाल तैरने लगते हैं और उनके मायने तलाश किए जाने लगते हैं।

**आलाकमान के फैसले से भड़के**

रविवार देर शाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कांग्रेस के कद्दावर नेता और चकराता से विधायक प्रीतम सिंह के बीच हुई। मुलाकात से ठीक पहले कांग्रेस आला कमान ने प्रदेश अध्यक्ष, नेता और उपनेता प्रति पक्ष के नामों का एलान किया था। जिस आशंका के चलते कांग्रेस आला कमान एक माह से फैसला लेने में टालमटोल कर रहा था, वह सामने आते ही सच साबित हुई।

प्रीतम सिंह का खेमा यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, करण माहरा को तवज्जो देने से ही भड़क उठा। कई लोगों के इस्तीफों ने प्रीतम खेमे की नाराजगी पर मुहर भी लगा दी। अप्रत्याशित रूप से प्रीतम सिंह ने सीएम पुष्कर धामी से मुलाकात करके कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया। हालांकि इस मुलाकात के बारे में प्रीतम और मुख्यमंत्री दोनों के करीबी लोगों का कहना है कि चर्चा राज्य के विकास और बेहतरी को लेकर हुई।

### प्रीतम के करीबी गिरीश पुनेड़ा ने छोड़ी कांग्रेस

प्रीतम सिंह को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाए जाने से उनके करीबी पार्टी नेता व समर्थक मायूस हुए हैं। पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव गिरीश पुनेड़ा ने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की है। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक समस्या से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बीते दिनों पार्टी में उनकी ओर से बनाए गए डिजिटल सदस्यों से माफी मांगी। पार्टी छोडने से पहले पुनेड़ा ने इंटरनेट मीडिया पर अपनी पोस्ट में प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर भी निशाना साधा।

### शासन की पहल पर 85 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार

**संवाददाता** ऋषिकेश। नगर निगम बोर्ड की बैठक में शहर की पार्किंग की समस्या का प्रस्ताव पारित किया गया। जल्द ही नगर निगम में तकरीबन 750 वाहनों की पार्किंग का निर्माण होगा। इसके अलावा निगम का भी पूरी तरह से कायाकल्प कर उसे तमाम सुविधाओं से युक्त नई बिल्डिंग से संवारा जाएगा।

एमडीडीए के अधिकारी श्याम मोहन शर्मा ने बताया कि धार्मिक एवं पर्यटन नगरी ऋषिकेश में पार्किंग की समस्या को देखते हुए शासन द्वारा यह प्रोजेक्ट की पहल की गई है। 85 करोड़ के इस मेगा प्रोजेक्ट से नगर निगम में मल्टी स्टोरी पार्किंग एवं निगम की नई बिल्डिंग का निर्माण कराया जाएगा। एमडीडीए अधिकारियों मेगा प्रोजेक्ट के लिए तैयार किए गए ब्लू प्रिंट पर खुशी जताते हुए महापौर अनीता ममगाईं ने कहा कि नगर पालिका से अपग्रेड होकर निगम ऋषिकेश के प्रांगण में मल्टी स्टोरेज पार्किंग का निर्माण होने से जहां शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार होने के साथ यहां व्यापार बढ़ेगा।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।